हैवल्स अगले वित्तीय वर्ष में ४३ गैलेक्सी खोलेगा

कम्पनी का मोनो ब्लाक सेगमेंट में प्रवेश



लखनऊ, 25 सितंबर। 1.3 अरब डॉलर की हैवल्स इंडिया लिमिटेड ने आज सैल्फ-प्राइमिंग मोनोब्लॉक पम्प के लांच के साथ ही एक नए बिजनेस सैगमेंट में कदम रखने की घोषणा करते हुये कहा है कि आगामी वित्त वर्ष 2014-15 के अंत तक प्रदेश में 43 हैवल्स गैलेक्सियां खोलने की योजना है। यहां कम्पनी के ऐसोसिएट डायरेक्टर राकेश मेहरोत्रा ने पेश किये पम्प के बारे में बताया कि ये पम्प समग्र उत्तर भारत में घरों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों की पानी संबंधी जरूरत को पूरा करेंगे। यह उत्पाद आगामी कुछ महीनों में पूरे देश में उपलब्ध होगा। यह उत्पाद दो किस्मों में पेश किया गया है- मोनोब्लॉक पम्प की 2 0.5 एचपी क्षमता के साथ और मोनोब्लॉक पम्प एस1 एवं एस2 क्रमशः 1 एचपी क्षमता एवं 0.5 एचपी क्षमता के साथ उतारे गये हैं। श्री मेहरोत्रा ने बताया कि अपने

उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संतुष्टि देने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहते हुए हैवल्स ने डोर-टू-डोर सर्विस का कॉन्सेप्ट प्रारंभ किया है और इलेक्ट्रिकल व घरेलू उपकरण उद्योग में बेमिसाल सेवा नैटवर्क बनाया है। आज 400 से ज्यादा शहरों में कंपनी के 1000 से ज्यादा सेवाकर्मी व टैक्नीशियन हैं। कंपनी ने दिल्ली में एक अत्याधुनिक कॉल सेंटर भी स्थापित किया है जहां उपभोक्ता नौ भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी, बंगाली, तमिल, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़, गुजराती व मराठी - में बात कर सकते हैं। कॉल सेंटर यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी शिकायतों पर, लोकेशन के आधार पर, 24 से 48 घंटों के भीतर ग्राहक से संपर्क साध लिया जाए और इस प्रकार ग्राहकों को कम से कम परेशानी होती है।